सीएसआईआर-केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान

पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/3/2011- राभा दिनांक 25.01.2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय : राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आँकड़ों/दस्तावेजों का उचित रिकॉर्ड रखना और आँकड़े राजभाषा प्रकोष्ठ भिजवाना।

विदित हो कि संस्थान की राजभाषा प्रगति संबंधी रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही अवधि की समाप्ति के उपरांत परिषद मुख्यालय को नियमित रूप से भेजी जाती है जिसके लिए प्रत्येक अनुभाग से हर तिमाही अवधि के लिए कुछ बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की जाती है। संस्थान के सभी प्रशासनिक अनुभागों के प्रभारियों तथा वैज्ञानिक समूह प्रमुखों/विभागाध्यक्षों द्वारा यह प्रपत्र भरा जाता है।

यह देखा गया है कि कई अनुभाग/प्रभाग राजभाषा प्रकोष्ठ को ये आँकड़े समय से उपलब्ध नहीं कराते तथा कई बार आँकड़े नहीं भेजते।

अत: सभी अनुभागाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/ समूह प्रमुख कृपया ध्यान दें –

1. यह रिपोर्ट अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है।
2. यह रिपोर्ट सीएसआईआर-सीरी की है, राजभाषा प्रकोष्ठ की नहीं।
3. माननीय संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण के दौरान रिपोर्ट के आँकड़ों पर विशेष नज़र रखती है ।
4. रिपोर्ट में दिए जाने वाले आँकडों की तथ्यात्मकता (factuality) के संबंध में दायित्व हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी का है।
5. तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय पर राजभाषा प्रकोष्ठ में भिजवना सुनिश्चित करें।
6. रिपोर्ट में भेजे गए आँकड़ों व दस्तावेजों का उचित रिकॉर्ड रखें।
7. प्रगति रिपोर्ट का प्रपत्र वेबसाइट पर doc और pdf प्रारूप में उपलब्ध है ।
8. राजभाषा नियमों/अधिनियमों/नीति का अनुपालन सभी सहकर्मियों का सामूहिक एवं व्यक्तिगत उत्तरदायित्व है। अपने अनुभाग/विभाग/समूह में राजभाषा अधिनियमों/नियमों का पालन करवाना सुनश्चित करें।

संस्थान में संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

25/1/19

(विनोद कुमार)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासनिक अधिकारी
3. सभी अनुभाग/प्रभागाध्यक्ष
4. प्रभारी, एनएमसी – वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
5. सूचना पट्ट
6. संबंधित फाइल